>

Title: Need for widening of Sardar bridge situated near Jhadesar on National Highway No. 8 in Bharuch Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से दिल्ली-मुम्बई रूट पर नेशनल हाईवे नं.- 8 गुजरात के सूरत और बड़ौदा के बीच नर्मदा नदी पर भरुच झाड़ेश्वर के पास केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री जी ने नए ब्रिज का शिलान्यास किया था। इस शिलान्यास को छः महीने हो गए हैं, लेकिन दुख की बात है कि शिलान्यास के छः महीने बाद भी ब्रिज का काम शुरु नहीं किया गया है। इस ब्रिज पर बहुत ट्रेफिक जाम रहता है। नेशनल हाईवे नं.-8 मुम्बई, दिल्ली पर हजारों-लाखों की संख्या में छोटे-बड़े वाहन आते-जाते हैं। जिनकी वजह से वहां बहुत ट्रैफिक जाम रहता है। इससे सिर्फ गुजरात नहीं बल्कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के लोग परेशान हो रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि जिन ब्रिजेज का शिलान्यास हुआ है, उन पर तत्काल काम शुरू किया जाए और साथ ही साथ नर्मदा नदी के ऊपर जो ब्रिज भरूच-अंकलेश्वर को जोड़ता है, यानी गोल्डन ब्रिज के पास जो नया ब्रिज बनाने की मांग है, उसे सरकार तत्काल पूरा करे, यही मेरी सरकार से मांग है।